तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

10 प्रत्येक वर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होगा....



10 पुनर्वासित व्यक्तियों को मिल रही आत्मनिर्भरता






## खबर संक्षेप

### रास सांसद फूलोदेवी नेताम का स्वागत

**चारामा।** नगर चारामा में राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम का भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे पूरे नगर का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव, पूर्व शेष पेज 10 पर

# स्टेट हाईवे 25 पर जबर्दस्त जाम से कापसी साप्ताहिक बाजार में बेकाबू भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

अलग खबर

कापसी में रविवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार जहां आमजन के लिए खरीदारी का केंद्र होता है, वहीं इस रविवार 5 अप्रैल बाजार लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गया। स्टेट हाईवे 25 पर अव्यवस्थित पार्किंग और भारी भीड़ के चलते ऐसा भीषण जाम लगा कि न केवल आम लोग, बल्कि एक एंबुलेंस आधे घंटे तक रास्ता पाने के लिए जूझती रही।

रविवार को शाम करीब 5 बजे कापसी के साप्ताहिक बाजार के दौरान स्टेट हाईवे 25 पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सड़क के दोनों ओर बेतरतीब ढंग से खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कारण मार्ग संकरा हो गया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। देखते ही देखते स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि पूरे क्षेत्र में जाम लग गया और लोगों को घंटों तक फंसे रहना पड़ा। स्थिति उस समय और चिंताजनक हो गई, जब एक एंबुलेंस भी इस जाम में फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एंबुलेंस को लगभग आधे घंटे तक रास्ता नहीं मिल सका, जिससे मरीज की स्थिति को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई। काफी मशक्कत और स्थानीय लोगों की मदद के बाद किसी तरह एंबुलेंस को रास्ता दिलाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कापसी में हर सप्ताह बाजार शेष पेज 10 पर

## मरीज को लेकर जाती एंबुलेंस आधा घंटे तक जाम में फंसी

### भारी वाहन व ट्रकों पर लगे प्रतिबंध

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बाजार के दिन शाम के समय भारी वाहनों और ट्रकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाए। इसके साथ ही सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े चारपहिया वाहनों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए, ताकि लोग नियमों का पालन करें।




### यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि अगले रविवार से विशेष अभियान चलाकर बाजार क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश, हर एंगल से जांच कर रही पुलिस

# हेलीपैड परिसर में मिला ट्रक चालक का शव, हत्या या हादसा पर रहस्य है कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

दुर्गूकोंदल के शांत वातावरण को उस समय झकझोर देने वाली घटना सामने आई, जब हेलीपैड परिसर में एक युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला। सुबह की सामान्य हलचल के बीच अचानक फैली इस खबर ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। लोगों की भीड़ मौके पर उमड़ पड़ी, हर कोई यह जानने को उत्सुक था कि आखिर यह हादसा है या किसी साजिश का नतीजा। विकासखंड दुर्गूकोंदल के मुख्यालय में स्थित हेलीपैड में एक युवक की लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान 20-25 वर्षीय रीतिक रोशन मरकाम पिता नंदकुमार मरकाम, निवासी कॉलेजपारा के शेष पेज 10 पर



### पुलिस हर एंगल से हो रही पड़ताल

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिसके चलते हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

### परिजनों में मातम, गांव में पसरा सन्नाटा

ट्रक चालक की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटना ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### फोरेंसिक टीम भी जांच में शामिल

मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को भी जांच में शामिल किया गया है। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर घटना की सच्चाई तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। घटनास्थल से मिले हर छोटे-बड़े सुराग को बारीकी से खंगाला जा रहा है, ताकि मौत के असली कारण का पता लगाया जा सके।

# 15 लीटर महुआ शराब व नकदी बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध महुआ शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 लीटर देशी महुआ शराब और बिक्री की नकदी जब्त की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस



अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को शेष पेज 10 पर

# सुभाष नगर पीव्ही-12 में आकाशीय बिजली से किसान की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पखांजूर में मौसम की एक अचानक करवट ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। रविवार सुबह खेत में काम कर रहे एक अधेड़ किसान पर आकाशीय बिजली कहर बनकर गिरी और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

परलकोट क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से मौसम का मिजाज तेजी से बदल



रहा है। रविवार को भी सुबह अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई और आसमान में बिजली कड़कने लगी। इसी दौरान पखांजूर थाना शेष पेज 10 पर

# ट्रक ने मारी टक्कर, सड़क किनारे खड़ी कार क्षतिग्रस्त

**कांकेर।** पुराना बाजार पखांजुर मेन रोड के किनारे खड़ी कार को ट्रक चालक ने अपनी वाहन वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गया। कार के चालक ने दुर्घटना की शिकायत थाना में किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे बांदे थानांतर्गत नयापारा बांदे निवासी 26 वर्षीय राजा हालदार पिता रतन हालदार ने पुलिस को बताया कि मछली दाना व पशु आहार दुकान चलाता और 4 अप्रैल को 11 बजें मेरे वाहन कार क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4466 को पुराना बाजार पखांजुर रोड किनारे खड़ा किया था। उसी समय ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 2814 के चालक द्वारा अपने ट्रक को रिवर्स करते हुए तेजी लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे कार को पीछे शेष पेज 10 पर

# जमीन विवाद पर पीवी 27 में हुए खूनी संघर्ष में युवक की मौत, गांव में तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

थाना पखांजूर क्षेत्र के ग्राम पीव्ही 27 में रविवार सुबह जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। करीब आधा एकड़ भूमि को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद में दो पक्षों के बीच हुई खूनी झड़प में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है, जिसे देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्राम पीव्ही 27 निवासी गोपाल मजुमदार और रास बिहारी राय के बीच पिछले लगभग 10 वर्षों से जमीन को लेकर



विवाद चल रहा है। वर्तमान में उक्त जमीन पर रास बिहारी राय का कब्जा बताया जा रहा है, जबकि गोपाल मजुमदार इसे अपनी पट्टे की भूमि बताते हुए कब्जा लेने का प्रयास कर रहे थे। मामला पखांजूर शेष पेज 10 पर





### दो दिनों की हल्की बारिश ने महुआ के फूल प्रभावित

# महुआ सीजन ने बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर, जंगल बना आय का बड़ा स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जंगलों में महुआ फूलों की मीठी खुशबू के साथ ही संग्रहण का मौसम पूरे शबाब पर है, लेकिन इस बार बीच-बीच में हो रही बारिश ने इस खुशबू में हल्की चिंता भी घोल दी है। जहां एक ओर यह मौसम ग्रामीणों के लिए त्योहार जैसा होता है, वहीं असमय बारिश महुआ की गुणवत्ता और आमदनी पर असर पड़ना तय है।

कांकेर जिलाभर के वन क्षेत्रों में इन दिनों सुबह होते ही गांवों से महिलाएं, पुरुष और बच्चे टोकरी लेकर जंगल की ओर निकल पड़ते हैं। पेड़ों से गिरे महुआ फूलों को



बीनना केवल एक रोजमर्रा की गतिविधि नहीं, बल्कि उनकी आजीविका का सबसे बड़ा आधार है। महुआ के फूलों से पारंपरिक पेय, लड्डू और कई तरह के खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं, जिनकी स्थानीय बाजारों में अच्छी मांग रहती है। सूखे महुआ फूलों की बिक्री से ग्रामीणों को महत्वपूर्ण अतिरिक्त आय मिलती है। कई ग्रामीणों का कहना है कि पहले जहां वे एक दिन में अच्छी गुणवत्ता के कई किलो महुआ इकट्ठा कर लेते थे, वहीं अब मौसम में आने वाले बदलाव के कारण उन्हें अधिक मेहनत करनी पड़ रही है और नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। गांवों में यह समय आज भी किसी पर्व से कम नहीं माना जाता। परिवार के सभी सदस्य इसमें भाग लेते हैं और इसे परंपरा के रूप में निभाते हैं। खासकर आदिवासी क्षेत्रों में महुआ केवल एक वन उपज नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है।

### महुआ पेड़ों की सुरक्षा जरूरी

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि महुआ पेड़ों का संरक्षण किया जाए और फूलों को बारिश से बचाने के लिए बेहतर संग्रहण व भंडारण तकनीकों का उपयोग किया जाए, तो इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। महुआ फूल वास्तव में वनवासियों की मेहनत, परंपरा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। बारिश की चुनौतियों के बावजूद, यह सीजन हर साल की तरह इस बार भी ग्रामीण जीवन में उम्मीद और आजीविका की नई रोशनी लेकर आया है।

## खबर संक्षेप

### सोनेवारा में हनुमान जन्मोत्सव 7 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा के बजरंग चौक में हनुमान जन्मोत्सव 7 अप्रैल को रखा गया है। सुबह 8 बजे कलशयात्रा, 9 बजे पूजा पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ पंडित रामदेव शर्मा भोथा द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे अमृत संदेश मानस मंडली सोनेवारा, 4 बजे जय भारत मानस मंडली दरगहन, रात्रि 7 बजे मंदाकिनी मानस परिवार नूनाछापर जिला कवर्धा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में खिलावन सिन्हा, संतोष सिन्हा, भुवनेश्वर निर्मलकर, हेमलाल यादव सचिव, गौतम पटेल सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### अटंग में कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया



**सिर्री।** ग्राम अटंग में 2 अप्रैल को संत माता कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। ग्राम के गलियों में समाज की महिलाओं के द्वारा बाजे- गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के दौरान रसना पानी, पेप्सी, चॉकलेट बांटा गया। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, दानदाताओं ,वरिष्ठ सामाजिक जनों, सैनिकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णकांत साहू तहसील अध्यक्ष ने समाज की एकता, भाईचारे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहू समाज एक मेहनतकश समाज है। साहू समाज के लोग अपनी कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने समाजजनों की मांग पर पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नरसिंह साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है।

### अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना शुरू



**नगरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 16 मार्च 2026 से अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का शुभारंभ नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में किया गया। योजना लागू होने के बाद प्रदेशभर के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। इस योजना को लागू करवाने में कमल वर्मा, प्रांतीय संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की अहम भूमिका रही। कर्मचारियों ने उनके निरंतर प्रयास, मजबूत नेतृत्व और दृढ़ संकल्प की सराहना की। कर्मचारियों का कहना है कि यह योजना लंबे समय से लंबित मांगों में शामिल थी। इसके लागू होने से अब जरूरत पड़ने पर कर्मचारियों को बिना ब्याज के अग्रिम राशि मिल सकेगी। साथ ही आवास और शिक्षा जैसे आवश्यक कार्यों के लिए आर्थिक सहायता मिलने से उनका आर्थिक आधार मजबूत होगा। कर्मचारियों ने इस पहल को कर्मचारी हित में एक ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे सकारात्मक फैसले लिए जाते रहेंगे।

# मसोरा जलाशय बनेगा पर्यटन का नया केंद्र, प्रकृति प्रेमियों का क्षेत्र के प्रति बढ़ा आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मसोरा जलाशय इन दिनों लेसर व्हिस्लिंग डक छोटी सिल्ही जैसी दुर्लभ बत्तखों की मौजूदगी से प्रकृति और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–30 से करीब 900 मीटर दूरी पर स्थित जामकोट जलाशय को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की पहचान और बढ़ेगी। ग्राम पंचायत मसोरा का चयन होम स्टे नीति के तहत किया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर पर्यटन सुविधाओं का विस्तार होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के प्रयासों से यहां 'वन भोज' कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय भोजन की विशेष व्यवस्था रहेगी।

लेसर व्हिसलिंग डक की मौजूदगी से बढ़ी रौनक





### नाव विहार और अन्य सुविधाएं विकसित होंगी

पर्यटकों के लिए जलाशय में नाव विहार सहित विभिन्न सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि वे प्राकृतिक वातावरण में सुकून भरे पल बिता सकें।

## शहर में आरएसएस की जनगोष्ठी की गई आयोजित

# प्रत्येक वर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होगा, तभी सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन 3 अप्रैल को ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न वर्गों से जुड़े 453 प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगा राम माझी उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना तथा संगठन के विचारों एवं कार्यों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में मजदूर संघ, शिक्षक संघ, चिकित्सक संघ, पूर्व सैनिक, पत्रकार, खेल जगत, स्वयं सहायता समूह, महिला समूह एवं युवा संगठनों के प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

- 453 प्रबुद्धजनों की सहभागिता, राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर हुआ मंथन

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख सुनील कुलकर्णी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होता है, तभी एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए सेवा, समर्पण और संस्कार को समाज जीवन की आधारशिला बताया।



### पंच परिवर्तन पर विशेष मार्गदर्शन –

श्री कुलकर्णी ने "पंच परिवर्तन" विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य उन्होंने उपस्थित जनों से इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज के सवांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उपस्थित प्रतिभागियों ने समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### सुव्यवस्थित संचालन, आभार के साथ समापन –

कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया गया। अंत में जिला सह संघचालक विजय नाग ने सभी प्रतिभागियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। यह गोष्ठी शहर में सामाजिक एकता, जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



# पुनर्वासित व्यक्तियों को मिल रही आत्मनिर्भरता की नई राह, कौशल प्रशिक्षण से बन रहे हुनरमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिले में पुनर्वासित व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। जिले में वर्तमान में 48 पुनर्वासित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देते हुए उनके कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुनर्वासित लोगों को उनकी रुचि के अनुसार असिस्टेंट शटरिंग कारपेंटर, गार्डनर, वाहन मेकेनिक, इलेट्रिशियन एवं सिलाई–कढ़ाई जैसे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। प्रथम चरण में 38 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि वर्तमान में 10 लोग लाईवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ रहा है।

- 48 पुनर्वासित व्यक्तियों को मिल रहा लाभ

### प्रेरणादायक बन रही सफलता की कहानियां

मड़हो बाई कोर्राम, हाड़ोबाई सोडी एवं मोहन कोर्राम जैसे हितग्राही प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और शांतिपूर्ण जीवन जीने का संकल्प ले रहे हैं। शासन द्वारा प्रशिक्षण के साथ–साथ आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार की योजनाओं का लाभ देकर पुनर्वासित व्यक्तियों को समाज में सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापित किया जा रहा है।

# राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद पहली बार गांव पहुंची फूलोदेवी का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद के रूप में दूसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद सांसद फूलोदेवी नेताम का अपने ग्राम फरसगांव आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। नगर में उनके स्वागत को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने उनका जोरदार अभिनंदन कर नारेबाजी की।

- लड्डुओं से तौलकर किया गया सम्मान

ग्राम पहुंचते ही सांसद नेताम ने सबसे पहले पुराने शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रवि घोष के नेतृत्व में नगर के रेस्ट हाउस में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें मोतीचूर के लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने फूलमालाओं एवं गुलदस्तों से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### जनता की आवाज को सदन में मजबूती से उठाएंगी

मीडिया से चर्चा करते हुए सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें



पुनः राज्यसभा की जिम्मेदारी सौंपना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने छत्तीसगढ़ के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठाया था। अब दूसरी बार अवसर मिलने पर वे और अधिक सक्रियता के साथ प्रदेश के विकास एवं जनता की आवाज को सदन में मजबूती से उठाएंगी।

### ये रहे उपस्थित

स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, श्रीमती कलता मंडावी, श्रीमती राज मरकाम, श्रीमती शीशकुमारी चनाप, दिनेश जायसवाल, उग्रेश चन्द मरकाम, गुरदीप सिंह पंधेर, शिवलाल मंडावी, रितेश पटेल, ललित सलाम, बुधसन मरापी, हुकुम सेट्ठी, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### स्टेट हाईवे 25 पर जबर्दस्त ...

के दिन यही हालात बनते हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है।

### रास सांसद फूलोदेवी..

सदस्य गौ सेवा आयोग नरेन्द्र यादव, जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी के अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी चारामा के अध्यक्ष हिरवेन्द्र साहू सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### हेलीपैड परिसर में मिला ...

रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक पेशे से ट्रक चालक था और अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहता था। ऐसे में उसकी इस तरह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों और बस्तियों से लोग मौके पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते हेलीपैड परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं। कुछ इसे दुर्घटना मान रहे हैं, तो कुछ हत्या की आशंका जता रहे हैं। क्षेत्र में पहले इस तरह की घटनाएं कम होने के कारण लोगों में भय और असुरक्षा की भावना साफ नजर आ रही है। यह जांच का विषय है कि युवक हेलीपैड परिसर तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि घटना के पीछे कोई आपराधिक साजिश तो नहीं है। **जल्द खुलासे की उम्मीद:** पुलिस फिलहाल हर पहलू से जांच में जुटी हुई है और जल्द ही इस रहस्यमयी मौत से पर्दा उठने की उम्मीद जताई जा रही है। अब सबकी निगाहें पुलिस की जांच पर टिकी हैं कि आखिर यह मौत हादसा है या किसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा।

### 15 लीटर महुआ शराब व ...

सिटी कोतवाली थाना कांकेर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अघन नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से हाथ भट्टी से बनी महुआ शराब का भंडारण कर बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी विवेक कुमार नेताम 26 वर्ष निवासी अघन नगर को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से विभिन्न प्लास्टिक जरकीन और बोतलों में कुल 15 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसके साथ ही बिक्री से संबंधित 100 रुपये नकद भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री का कुल मूल्य लगभग 1600 रुपये आंका गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 126/2026 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित महिला प्रधान आरक्षक, महिला आरक्षक एवं अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सुभाष नगर पीव्ही-12 में ...

क्षेत्र के सुभाष नगर पीव्ही-12 निवासी 45 वर्षीय आशुतोष विश्वास अपने मक्के के खेत में पानी देने के लिए गए हुए थे। खेत में काम करते समय ही अचानक मौसम और बिगड़ गया। बताया जा रहा है कि आशुतोष उस समय मोबाइल फोन पर बात भी कर रहे थे। तभी तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे उनके ऊपर आ गिरी। इस भीषण झटके से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बिजली गिरने की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि उनका मोबाइल फोन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पखांजूर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दुखद घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्थानीय प्रशासन ने इस हादसे के बाद लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान विशेष सावधानी बरतें। खेतों, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें, साथ ही बिजली कड़कने के समय मोबाइल फोन का उपयोग भी न करें।

### ट्रक ने मारी टक्कर, सड़क ...

से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे वाहन को क्षति हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 2814 के चालक अमल पाल के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जमीन विवाद पर पीवी 27 में ...

सिविल कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद दोनों पक्षों के बीच समय-समय पर तनाव की स्थिति बनती रही। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान कुल्हाड़ी और टंगिया जैसे धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया। आरोप है कि रास बिहारी राय पक्ष द्वारा गोपाल मजुमदार के बड़े पुत्र जीवेश मजुमदार 30 वर्ष पर टंगिया से हमला किया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हत्या में प्रयुक्त टंगिया को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया है। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही आरोपी पक्ष के घरों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी प्रकार की तोड़फोड़ या आगजनी की घटना न हो सके। घटना से आक्रोशित ग्रामीण में पखांजूर थाना पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव किया। इसके बाद ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने आरोपी पक्ष के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई, बुलडोजर कार्रवाई तथा अतिक्रमित भूमि को हटाने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त तहसीलदार युवराज साहू मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सोमवार को गांव पहुंचकर पूरे मामले की जांच की जाएगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और अपने घर लौट गए।

# कांग्रेस के गांव चलो अभियान की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

**कांकेर।** ग्रामीण अंचलों में संगठन को नई धार देने के उद्देश्य से कांग्रेस का मिशन गांव चलो अभियान तेजी पकड़ता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में कांकेर जिले के ग्राम मर्दापोटी में आयोजित बूथ कार्यकर्ता बैठक ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया, जहां कार्यकर्ताओं में जोश और बदलाव की उम्मीद साफ झलकती दिखी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण के आतुरगांव मंडल अंतर्गत इस बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए बूथ लेवल एजेंट गठन पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार



पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता वादा खिलाफी, बढ़ते अपराध, नशे के कारोबार, महिला उत्पीड़न और आदिवासियों पर अत्याचार जैसी घटनाओं से परेशान हो चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अव्हान किया कि वे घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों और भाजपा के कथित कुशासन की जानकारी जनता तक पहुंचाएं। उनका दावा था कि आने वाला समय कांग्रेस का है और 2028 विधानसभा चुनाव में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने बताया कि मिशन गांव चलो अभियान के तहत कांकेर जिले में बूथ कमेटियों का गठन युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ को मजबूत करना है। बैठक के दौरान कई लोगों ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। इनमें सारंडा के नवूस कोर्राम, नवागांव भावगीर के अमित गढ़पाले, सिंगारभाट के मोहन सिन्हा, इच्छापुर के गणेश यादव सहित अन्य शामिल रहे। आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रभारी पूर्व विधायक लेखराम साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस आयोजन ने साफ संकेत दिया कि कांग्रेस आने वाले चुनावों को लेकर जमीनी स्तर पर अपनी तैयारियों को तेज कर चुकी है।

## खबर संक्षेप



### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बाईपास रोड़ गड़पिछवाड़ी के ढाबा पास लगभग 1 माह पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया था। विवेचना में पाया गया कि मृतिका महाराष्ट्र के झाड़ पापड़ा धनोरा निवासी 65 वर्षीय सिया बाई कोतवाल पति सनसा राम अपने बेटी के ससुराल ग्राम गपिछवाड़ी आई थी। जो 25 फरवरी को खेत तरफ से घुमकर वापस पैदल घर आ रही थी कि शाम करीबन 4.20 बजे मेन रोड बाईपास ढाबा ग्राम गड़पिछवाड़ी से 100 मीटर की दूरी में किसी अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था, जिससे सिया बाई कोतवाल को गंभीर चोट आने के कारण इलाज के दौरान 26 फरवरी को मौत हो गया। सिया बाई कोतवाल को किसी अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से उसकी मौत होने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 281,106(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पतंजलि का सह योग शिक्षक प्रशिक्षण 21 से

**धनेलीकन्हार।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में पतंजलि योग समिति द्वारा 21 अप्रैल से 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः सायं दो दो घंटे ऑनलाइन संचालित होगा। प्रशिक्षण में प्रतिदिन स्वस्थ दिनचर्या के लिए योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर व परम्परागत वनौषधियों से विभिन्न रोगों की चिकित्सा की जानकारी भी दी जाएगी। पतंजलि योग समिति के कुन्दन साहू, युवा भारत से डा. राजेश शुक्ला के अलावा कांकेर जिले के सभी तहसील प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

### एकलव्य विद्यालय में 15 से वॉक-इन इंटरव्यू

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, भंडारडिग्गी दुर्गूकोदल में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पदों पर अस्थाई भर्ती हेतु वॉक-इन इंटरव्यू (चल साक्षात्कार) आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई पैटर्न के अनुरूप योग्य अभ्यर्थियों से विभिन्न विषयों एवं पदों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों के पास संबंधित विषय में मास्टर डिग्री एवं बीएड योग्यता होना अनिवार्य है। वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन 15 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्यालय परिसर में होगा।

## निधन

### सुरुजबाई सघोडिया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कालागाव निवासी सुरुजबाई सघोडिया का आकस्मिक बीती रात निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कलागांव में किया गया।



## आपदा : हादसे से बाद विभागी ने जांच की प्रारंभ

# मौसम का कहर डुवा में गाज गिरने से चार मवेशियों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के डुवा ग्राम में रविवार सुबह का सामान्य सा दिन अचानक मातम में बदल गया, जब आसमान से गिरी बिजली ने किसानों की जीवनरेखा माने जाने वाले चार बैलों की जान ले ली। सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच मौसम ने ऐसा करवट लिया कि कुछ ही पलों में खुशहाल माहौल चीख-पुकार और दहशत में बदल गया।

- किसानों को भारी नुकसान, खेती-किसानी के काम होंगे प्रभावित, मुआवजे की मांग

जानकारी के अनुसार डुवा निवासी सोमसिंह कोर्राम के तीन बैल और धनुराम पुडो का एक बैल पेड़ के नीचे खड़े हुए थे। रविवार की सुबह अचानक तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई। देखते ही देखते आसमान में चमकती बिजली सीधे उसी पेड़ पर आ गिरी, जिसके नीचे यह मवेशी खड़े थे। बिजली गिरते ही चारों बैलों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना इतनी भयावह थी कि आसपास मौजूद लोग सहम गए और कुछ देर तक कोई समझ ही नहीं पाया कि आखिर हुआ क्या है। गांव के किसानों के लिए बैल सिर्फ पशु नहीं, बल्कि उनकी रोजी-रोटी का सबसे बड़ा सहारा होते हैं। खेतों की जुताई, बुवाई और अन्य कृषि कार्यों में इनकी अहम भूमिका होती है। ऐसे में अचानक चार बैलों की मौत ने प्रभावित परिवारों को आर्थिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन सिर पर है और इस समय इस तरह का नुकसान उनके लिए गहरे संकट का संकेत है। प्रशासन की ओर से यह आश्वासन दिया गया है कि पुलिस द्वारा पंचनामा और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शासन के नियमों के तहत प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।



### जांच के बद मुआवजा दिया जाएगा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृत मवेशियों में तीन बैल ग्राम डुवा निवासी सोमसिंह कोर्रम के थे, जबकि एक बैल धनुराम पुडो का था। ये सभी बैल किसानों के लिए खेती-किसानी का प्रमुख साधन थे। किसानों ने बताया कि वे इन्हीं बैलों के सहारे अपने खेतों की जुताई और अन्य कृषि कार्य करते थे, ऐसे में इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल प्रशासन को सूचना दी। किसानों ने शासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि वे अपने नुकसान की भरपाई कर सकें और आगामी खेती कार्य प्रभावित न हो। इस संबंध में पशु औषधालय हाटकोदल के पशु चिकित्सा अधिकारी डा. सच्चिदानंद सरकार ने बताया कि यह एक आकस्मिक प्राकृतिक आपदा की घटना है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है तथा पुलिस थाना द्वारा पंचनामा एवं पोस्टमार्टम (पीएम) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शासन के नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

### जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत

अचानक बदलते मौसम और आकाशीय बिजली जैसी घटनाएं किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे संवेदनशील इलाकों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं और किसानों को सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से नुकसान को कम किया जा सके। ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों ने मांग की है कि मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि उन्हें जल्द राहत मिल सके और वे आगामी कृषि कार्यों की तैयारी कर सकें।

### प्राकृतिक आपदा से हुई मौत

ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग को दी। सूचना के बाद संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पशु औषधालय हाटकोंदल के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सच्चिदानंद सरकार ने बताया कि यह एक आकस्मिक प्राकृतिक आपदा है। मृत मवेशियों का प्रारंभिक परीक्षण किया जा रहा है और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# सड़क किनारे बांस काटते समय हुआ हादसा, युवक गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत स्टेट हाईवे पर ग्राम पोड़गांव के पास एक बड़ी लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। सड़क किनारे बिना किसी सुरक्षा संकेत या ट्रैफिक रोके बांस काटने के दौरान, बांस चलती मोटरसाइकिल पर गिर गया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रार्थी कमलेश टेकाम का छोटा भाई ग्राम कलवर निवासी राम टेकाम निवासी ग्राम 4 अप्रैल को अपनी भाभी अमिता टेकाम को बस स्टैंड छोड़ने अंतागढ़ आया था। सुबह करीब 10:15 बजे जब वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 18 पी 7531 से वापस अपने गांव कलवर लौट रहा था, तभी ग्राम पोड़गांव में स्टेट हाईवे क्रमांक 05 के किनारे यह हादसा हुआ। संतोष पासवान की बाड़ी में परमेश्वर नेताम द्वारा बांस की कटाई की जा रही थी। मुख्य मार्ग के किनारे बांस काटते समय न तो यातायात रोका गया और न ही किसी प्रकार का लाल झंडा या संकेतक लगाया गया था। लापरवाही पूर्वक बांस काटने के कारण वह सीधे चलती मोटरसाइकिल पर आ गिरा, जिससे राम टेकाम अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा।

दुर्घटना में राम टेकाम को सिर और जबड़े में गहरी चोट, दोनों हाथ और दोनों पैर में फ्रैक्चर हो गया। हादसे के तुरंत बाद उसे अंतागढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी परमेश्वर नेताम के खिलाफ धारा 12 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत दलदली निवासी 55 वर्षीय कृष्णा कुंजाम पिता स्व. देवसिंह फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 3 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# मावा मोदोल की प्रवेश परीक्षा में 919 ने दी, जिला प्रशासन की कामयाबी

1555 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया पर 919 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिला शिक्षा विभाग कांकेर द्वारा संचालित मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर के नवीन बैच के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ। यह परीक्षा जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित की गई।

इस प्रवेश परीक्षा के लिए जिलेभर से कुल 1555 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 919 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा का आयोजन जिले के पांच प्रमुख केंद्रों मावा मोदोल सह सेंट्रल लाइब्रेरी 186, नरहरदेव विद्यालय 122, कन्या परिसर कांकेर 241, मावा मोदोल भानुप्रतापपुर 140 एवं पीएमश्री विद्यालय भानुप्रतापपुर 230 में किया गया। सभी केंद्रों में सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं अनुशासन के साथ परीक्षा संपन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने अपने संदेश में कहा कि मावा मोदोल कोचिंग सेंटर जिले के प्रतिभावान एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त मंच है। यह पहल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अवसर उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मावा मोदोल कोचिंग सेंटर ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों के लिए एक सराहनीय पहल है। इसके माध्यम से उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा और वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने बताया कि इस कोचिंग सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से जिले में शैक्षणिक वातावरण मजबूत होगा और विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होगा। परीक्षा के सफल आयोजन में सभी परीक्षा केंद्रों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा, पारदर्शिता एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकी।

# मां कर्मा जयंती समारोह साहू समाज मरकाटोला में मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

तहसील साहू समाज भानुप्रतापपुर द्वारा साहू समाज की इष्टदेवी माँ कर्मा की पावन जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम मरकाटोला में कर्मा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर तहसील साहू समाज, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण इकाइयों द्वारा लगातार बैठकें आयोजित कर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ हुई। इसके पश्चात जिला अध्यक्ष बंसीलाल साहू, तहसील अध्यक्ष गुलाब साहू सहित समस्त पदाधिकारियों के सहयोग से ध्वजारोहण किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुलाब साहू के स्वागत उद्बोधन के साथ समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी उपस्थित रहीं। साहू समाज के पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने समाज को शुभकामनाएं देते हुए भानुप्रतापपुर-कोरर क्षेत्र में नए भवन निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति एवं 150 कुर्सियों के वितरण की घोषणा की। जिला अध्यक्ष बंसीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में प्रदेश एवं जिला साहू समाज द्वारा संशोधित नियमावली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज अब पुरानी रूढ़िवादी परंपराओं को छोड़कर प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से विधवा महिलाओं को सामाजिक कार्यक्रमों में मौर सौंपने, कन्यादान एवं पुनर्विवाह जैसे कार्यों में सहभागिता देने की पहल को सराहा। तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष कुमान राम गजबल्ला एवं गौरीशंकर साहू ने माँ कर्मा के जीवन, त्याग, तपस्या और भगवान जगन्नाथ के प्रति उनकी अटूट भक्ति का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया। अन्य अतिथियों ने भी समाज की एकता और विकास पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाज के पदाधिकारियों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। भोजन व्यवस्था में मरकाटोला परिक्षेत्र युवा प्रकोष्ठ एवं ग्रामीण अध्यक्ष नारद साहू की टीम का योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में भानुप्रतापपुर, मरकाटोला, पूरी, चिल्हाटी, कोदागांव, कोरर, अंडी, परसोदा सहित विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का सफल संचालन व्यास साहू एवं भुनेश्वर साहू द्वारा किया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत भण्डारीपारा कांकेर निवासी 39 वर्षीय विनोद गंधर्व पिता प्रकाश चंद गंधर्व ने 4 अप्रैल को फांसी लगा लिया, जिससे उसका मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाने से मौत हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत भरतपुर निवासी 45 वर्षीय बबलू मंडल पिता विरेंद्र को गंभीर चोट आने की वजह से 4 अप्रैल को मौत हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। अधिक चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### धर्मेंद्र को मिली प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी

**चारामा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू व प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों के सहमति एवं जिला साहू संघ कांकेर अध्यक्ष बंशीलाल साहू के अनुशंसा से आईटी सेल प्रकोष्ठ संयोजक द्वारिका प्रसाद साहू द्वारा धर्मेन्द्र कुमार साहू निवासी चारामा को उनके सा मा जि क कार्यशैली एवं सक्रियता के आधार पर आईटीसेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनोनीत किया गया है।

### कौशल परीक्षा के बाद पंचायत सचिव भर्ती की मेरिट सूची जारी

**कांकेर।** रविवार को जिला पंचायत कांकेर के ग्राम पंचायत सचिव के 18 पदों पर निकले विज्ञापन हेतु कौशल परीक्षा का आयोजन आईटीआई माकड़ी मे किया गया था जिसमे 81 अभ्यर्थीयो ने भाग लिया। हायर सेकेंडरी परीक्षा मे प्राप्त अंको का 50% वैटेज देते हुए, स्नातक /स्नात्तकोत्तर मे 10 अंक, ग्रामीण विकास कोर्स 10 अंक एवम रोजगार सहायक मे 5 अंक के अनुभव के आधार पर बने मेरिट अनुसार इन 84 अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा हेतु बुलाया गया था। कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित 25 अंक मे प्राप्त अंक अनुसार फाइनल मेरिट सूची बनाया गया है जिसमे सभी वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हैं। विज्ञापन मे जारी रिक्त पद के अनुसार वर्ग रोस्टर के आधार पर इसमें अंतिम चयन सूची जारी किया जायेगा। चुंकि कौशल परीक्षा का आयोजन आज ही किया गया था इसीलिए भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता सहित करने हेतु आज ही 4 घंटे के अंदर मेरिट सूची जारी कर दिया गया है। मेरिट सूची जिला कांकेर के शासकीय वेब साईट मे देखा जा सकता है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेश मंडावी ने बताया कि पंचायत सचिव भर्ती हेतु 18 रिक्त पदों पर विज्ञापन जारी किया गया था जिसमे कौशल परीक्षा उपरांत तत्काल मेरिट सूची जारी कर दिया गया है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई, 25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ द्वारा किडनी संबंधित ओ.पी.डी. कैंप आपके शहर कांकेर में
डॉ. करण सराफ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसीन)
डीएम नेफ्रोलॉजी (स्वर्ण पदक विजेता)
हर माह के पहले मंगलवार को उपलब्ध रहेंगे
समय : दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक
इन निम्न परेशानियों से निदान पाएं
• किडनी इन्फेक्शन • हाई ब्लड प्रेशर • शुगर, बी.पी. व अन्य किसी वजह से खराब हुए किडनी का इलाज • चेहरे या पूरे शरीर पर सूजन • डायबिटिक किडनी • पेशाब कम एवं प्रोटीन आना/झाग आना • डायलिसिस के लिए परामर्श • किसी भी कारण से किडनी फंक्शन (Creatinine, Urea, Uric Acid) का बढ़ना
दिनांक 7 अप्रैल मंगलवार को उपलब्ध रहेंगे
स्थान: गुरुकृपा पैथालॉजी
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें: 8888152449, 9826181993
शीतला मेडिकल के पास जिला जेल के सामने, मेन रोड कांकेर
नोट : हर माह की 1 एवं 15 तारीख को Thyroid & HBA1C Test 300/300रु. में और Full Body Checkup 900 रु. में उपलब्ध